में मूलधन की ऐसी किस्तों की रकम 0.8 करोड़ रुपया थी जो ऋणों और अग्रिमों की बकाया रकम का 0.64 प्रतिशत थी।

इसी तरह, देय हुए और चुकाये न गए ब्याज की रकम 30 जून 1968 को देय कुल 10.57 करोड़ रुपये के ब्याज के मुकाबले 2.03 करोड़ रुपया थी जो कुल देय ब्याज की रकम का 19 प्रतिशत बैठती है जबकि 1.17 करोड़ रुपये की जो कुल देय ब्याज की रकम का लगभग 13 प्रतिशत थी।

(ग) और (घ). निगम द्वारा वित्त पोषित प्रायोजनाएं सारे देश में फैली हैं और निगम प्रादेशिक आधार पर अपने कार्यों का काफी मात्रा में विस्तार करने में सफल हुआ। अपने अधिकार-पत्र के अनुसार निगम को उद्योग, वाणिज्य और आम जनता के हितों का उचित ध्यान रखते हुए व्यापारिक सिद्धांतों पर कार्य करना चाहिए इस बात को ध्यान में रख कर निगम कम विकसित राज्यों अथवा क्षेत्रों के उद्योगीकरण पर विशेष रूप से लगातार ध्यान देता रहा है। वित्तीय संस्थाएं पिछड़े हुए राज्यों में स्थित उद्योगों की उस सीमा तक ही सहायता कर सकती हैं जिस सीमा तक उन्हें उद्यमकर्ताओं से उन राज्यों में धन लगाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव मिले। इस प्रकार के प्रस्ताव अधिक विकसित राज्यों में धन लगाने के लिए किये जाने वाले प्रस्तावों की तुलना में कम होते हैं। फिर भी, 30 जून 1968 तक निगम द्वारा 443 औद्योगिक प्रायोजनाओं के लिए मंजूर की गई 305.05 करोड़ रुपये की कुल वास्तविक वित्तीय सहायता में से आंध्र प्रदेश, आसाम, बिहार, केरल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और राजस्थान के अपेक्षाकृत कम विकसित राज्यों की 143 प्रायोजनाओं के सम्बन्ध में मंजूर की गई वित्तीय सहायता की कुल रकम 112.05 करोड़ रुपया थी, जो निगम द्वारा मंजूर की गयी कुल सहायता का 36.7 प्रतिशत बैठती है।

(ङ) प्रश्न के (क),(ख), (ग) और (घ) भागों के सम्बंध में दिये गये उत्तर को देखते हुए सरकार का यह मत है कि कुल मिला कर निगम का काम संतोष जनक रूप से चल रहा है। फिर भी निगम के कार्य में और सुधार करने की दृष्टि से समय समय पर आवश्यकतानुसार उपाय किये जाते रहेंगे।

**Central Assistance For Kangsabati Project (West Bengal)**

3759. SHRI VISHWA NATH PANDEY: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have sanctioned financial help to the West Bengal Government for financing expenditure on Kangsabati project recently; and

(b) if so, the total amount sanctioned so far?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) Earmarked Central assistence is being given for Kangsabati Project from the year 1967-68 onwards.

(b) Rs. 341.00 Lakhs.

**विदेशी मुद्रा की स्थिति**

3760 श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री शिव कुमार शास्त्री :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश की विदेशी मुद्रा की स्थिति में और सुधार हुआ है;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में भविष्य के